भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या. 1026
(जिसका उत्तर सोमवार, 29 जुलाई, 2024/7 श्रावण, 1946 (शक) को दिया गया)

कनाडा स्थित कंपनी के कारण केरल राजकोष को नुकसान

1026. श्री के. सुधाकरन:

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को कनाडा स्थित कंपनी मैसर्स एसएनसी लवलिन जिसे एटकिन्स रियालिस ग्रुप इंक के नाम से पुनः ब्रांड किया गया है, की जानकारी है जिससे केरल जल विद्‌युत बांध घोटाले सहित केरल राजकोष को नुकसान हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि मैसर्स एसएनसी लवलिन, जिसे एटकिन्स रेलिस ग्रुप इंक के नाम से भी जाना जाता है, भारत में विभिन्न नामों से कार्य कर रही है और यदि हां, तो एसएनसी लवलिन कंपनी की सहायक कंपनी के रूप में भारत में कौन-कौन सी कंपनियां कार्य कर रही हैं;
(ग) क्या केरल में कोई सहायक कंपनी कार्य कर रही है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क): जहां तक 'एसएनसी लवलिन का एटकिंस रियालिस ग्रुप इंक,' में रीब्रांडिंग का संबंध है एमसीए-21 फाइलिंग के अनुसार, उक्त नाम वाली ऐसी कोई विदेशी कंपनी नहीं है जो भारत में व्यवसाय करती हो।

(ख) से (घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****